मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल

क्र-बोर्ड कार्मिक/अनु.नियु./ख/727/8439 भोपाल,दिनांक 08/11/2021

प्रति,

सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति,
रतलाम जिला रतलाम (म0प्र0)

विषयः– स्व.श्री.गोपालदास वैष्णव (बैरागी) स्थाईकर्मी कृषि उपज मंडी समिति, रतलाम की पत्नि श्रीमती मंजु वैष्णब को अनुकम्पा अनुदान स्वीकृति के संबंध में।

संदर्भ :– (1). संयुक्त संचालक/उप संचालक, म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,ऑचलिक कार्यालय, उज्जैन का पत्र कमांक–406 दिनांक 03.03.2021 एवं पत्र कमांक–208 दिनांक 23.08.2021

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र से श्री गोपालदास वैष्णव (बैरागी)स्थाईकर्मी का सेवा में रहते दिनांक 15.09.2018 को आकस्मिक मृत्यु उपरांत स्व.श्री वैष्णव की पत्नि श्रीमती मंजु वैष्णव को अनुकम्पा अनुदान राशि स्वीकृत करने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

म.प्र.शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप कमांक सी 3–12/2013/1/3 दिनांक 29 सितम्बर 2014 में कार्यभारित/आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के दिवंगत होने पर अनुकम्पा नियुक्ति की पात्रता नही होगी परन्तु उनके परिवार के आश्रित नामांकित सदस्य को एकमुश्त रूपये 2.00 लाख (रूपये दो लाख) की राशि अनुकम्पा अनुदान के नाम से दी जाएगी। उसमे ग्रेज्यूटी की राशि सम्मिलित नही होगी। इस राशि का भुगतान संबंधित विभाग के कार्यभारित/आकस्मिकता के मद के अंतर्गत वेतन मद से किये जाने का प्रावधान है।

अतः शासन के उपरोक्त प्रावधान अनुसार स्व.श्री गोपालदास वैष्णव (बैरागी)स्थाईकर्मी, कृषि उपज मंडी समिति रतलाम की पत्नि श्रीमती मंजु वैष्णव को राशि रूपये 2.00 लाख (रूपये दो लाख मात्र) अनुकम्पा अनुदान भुगतान की स्वीकृति प्रदान की जाती है। जिसका कृषि उपज मंडी समिति, रतलाम की मण्डी निधि के कार्यभारित/आकस्मिकता मद के अंतर्गत वेतन मद से भुगतान किया जाकर, पालन प्रतिवेदन एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करावें।

(विकास नरवाल)
प्रबंध संचालक–सह आयुक्त
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र-बोर्ड कार्मिक / अनु.नियु. / ख / 727 / 8440 भोपाल,दिनांक 08 / 11 / 2021

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए।

1. उप संचालक,म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, ऑचलिक कार्यालय, उज्जैन।
2. भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति, रतलाम जिला रतलाम।
3. श्रीमती मंजु वैष्णव पत्नि स्व.श्री गोपालदास वैष्णव(बैरागी) निवासीः– 14, मेहता जी का वास रतलाम जिला रतलाम की और भेजकर लेख है कि सचिव कृषि उपज मंडी समिति, रतलाम जिला रतलाम (म.प्र.) से संपर्क करें।

प्रबंध संचालक–सह आयुक्त
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल